**Development of crocodile projects**

1934. SHRI RAMA CHANDRA RATH: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government have any scheme under which financial assistance is provided to various State Governments for the development of crocodile projects;

(b) if so, the amount allotted to Orissa during the years 1978-79, 1979-80 and 1980-81;

(c) whether Government have any proposal to augment the allocation during 1981-82; and

(d) if so, the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION (SHRI R. V. SWAMINATHAN): (a) Yes, Sir.

(b) 1978-79—Nil

1979-80—Rs. 4.00 lakhs

1980-81—Rs. 5.43 lakhs

(c) During 1981-82 the amount allotted to the Government of Orissa is Rs. 5.00 lakhs. So far no request has been received from the State Government to augment the allocation.

(d) Does not arise.

**पंजाबी बाग, दिल्ली से फैक्टरियों का स्थानान्तरण**

1936. श्री निहाल सिंह : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली प्रशासन का विचार पंजाबी बाग के निकट स्थित सभी फैक्टरियों को स्थानान्तरित करने का है; और

(ख) यदि हां, तो वहां पर कितनी फैक्टरियां हैं और उनको वैकल्पिक स्थान कहां पर दिया जायेगा ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह):

(क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

**कीटनाशियों का निशुल्क वितरण**

1937. श्री निहाल सिंह : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को चूहों आदि से अपनी खड़ी फसलों को होने वाली भारी हानि से बचाने हेतु उनको कीटनाशी दवाओं की निशुल्क वितरण करने के लिए कोई प्रबन्ध किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो कीटनाशियों का वितरण किस ऐजेंसी के माध्यम से किया जाता है और राज्यों को पिछले 2 वर्षों में वर्ष-वार कीटनाशियों के रूप में कितनी सहायता दी गई ?

कृषि ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) इस समय किसानों को नि:शुल्क आधार पर कीटनाशी दवाएं देने की केन्द्रीय सरकार की कोई योजना नहीं है । तथापि, हाल ही में बांस के पुष्पण के समय चूहों का काफी प्रकोप बढ़ने पर मिजोरम संघ राज्य क्षेत्र को, चूहों पर नियंत्रण पाने के लिए शतप्रतिशत केन्द्रीय सहायता दी गई थी ।

(ख) कीटनाशी दवाओं का वितरण केन्द्रीय सरकार नहीं करती । केन्द्रीय सहायता सिर्फ कीट नियंत्रण उपायों के लिए दी जाती है । मिजोरम को विशेष योजना के तहत चूहों के नियंत्रण के लिए दी गई 100